महादेई नदी जल ववािद

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में **महादेई** की सहायक नदियों से जल को कर्नाटक की **मालप्रभा नदी** की ओर मोड़ने की सिफारिश करने वाले एक अध्ययन ने गोवा में विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया है। अध्ययन में यह दावा किया गया है कि इस प्रस्तावित जल-परिवर्तन से गोवा पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालाँकि, इसने गोवा और कर्नाटक के बीच जल बँटवारे को लेकर दशकों पुराने **अंतर्राज्यीय जल-साझेदारी विवाद** को फिर से उभार दिया है।

- **महादेई जल विवाद न्यायाधिकरण (MWDT)** ने **कर्नाटक** को **13.42 हज़ार मिलियन घनफुट (tmcft)** जल आवंटित किया था।
- **परिचय:** इस नदी का उद्गम बिंदु **पश्चिमी घाट** (**भीमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य**, कर्नाटक) है, तथा यह **गोवा** (**78% जलग्रहण क्षेत्र**), **कर्नाटक** (18%) और **महाराष्ट्र** (4%) से होकर प्रवाहित होती है और अंततः **अरब सागर** में गिरती है।
  - **सहायक नदियाँ: कलसा**, **बंडूरी**, मापसा, **रगड़ा**, नानुज़, वालवोटी, नेरुल, सेंट इनीज़ क्रीक, दूधसागर, कोट्राची नदी, और रियो डी ओरेम।
    - यह **जुआरी नदी** से **कम्बरजुआ नहर** के माध्यम से जुड़ी हुई है।
  - **विशेषताएँ:** यह **दूधसागर जलप्रपात (मोल्लेम राष्ट्रीय उद्यान और भगवान महावीर अभयारण्य)** तथा चोराओ द्वीप पर स्थित **सलीम अली पक्षी अभयारण्य** के लिये प्रसिद्ध है।
- **मलप्रभा नदी:** यह **कृष्णा नदी** की एक सहायक नदी है और इसका उद्गम **कर्नाटक** के **बेलगाम** में **पश्चिमी घाट** के **कनकुंबी गाँव** से होता है।
  - **ऐहोल, पट्टडकल**, और **बादामी**, जो सभी **यूनेस्को** विश्व धरोहर स्थल हैं, इसकी तटरेखा के किनारे स्थित हैं।

और पढ़ें: महादेई नदी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mhadei-river-water-dispute